समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# UP पुलिस मे जंल्द भरे जाएंगे हजारों पद, 15 जून तक जारी हो सकता है नोटिफिकेशन | जाने पूंरी डिटेल।

Publisher Published on 06 Jun 2025




## उत्तर प्रदेश पुलिस मे 24 हजार से ज्यादा पदों पर भर्ती की तैयारी अंतिम चरण मे, युवाओं के लिए सुनहरा मौका।

**लखनऊ : उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग** में नौकरी का सपना देख रहे युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। प्रदेश में **करीब 24 हजार पदों** पर भर्ती का रास्ता लगभग साफ हो गया है। **यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड (UPPRPB)** ने इस प्रक्रिया की पूरी तैयारी कर ली है। अब केवल **राज्य सरकार** की अंतिम मंजूरी का इंतजार है।
सूत्रों के अनुसार, **15 जून 2025** तक इस भर्ती का आधिकारिक **नोटिफिकेशन** जारी हो सकता है। इसके साथ ही ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाएगी।

**पहले अप्रैल मे थी तैयारी, अब जून मे आएगा नोटिफिकेशन**
जानकारी के मुताबिक, पहले इस भर्ती के **विज्ञापन** को अप्रैल के आखिरी सप्ताह में जारी करने की योजना थी। लेकिन कुछ प्रशासनिक कारणों से इसे टाल दिया गया। अब पूरी संभावना है कि **15 जून तक** नोटिफिकेशन जारी कर दिया जाएगा।

**युवाओं** के लिए यह सुनहरा मौका है। ऐसे में जो उम्मीदवार **UP पुलिस भर्ती** की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें अपनी रणनीति को और मजबूत कर लेना चाहिए।

**किन पदों पर कितनी भर्तियां होंगी ?**
**१. सिपाही पीएसी – 9837 पद**

**२. सिपाही पीएसी महिला वाहिनी – 2282 पद**
**३. सिपाही नागरिक पुलिस – 3245 पद**
**४. सिपाही सशस्त्र पुलिस/पीएसी – 2444 पद**
**५. सिपाही विशेष सुरक्षा बल (SSF) – 1341 पद**
**६. घुड़सवार पुलिस – 71 पद**
**७. उप निरीक्षक (SI) कुल – 4543 पद**
**८. उप निरीक्षक नागरिक पुलिस – 4242 पद**
**९. प्लाटून कमांडर महिला वाहिनी – 106 पद**
**१०. प्लाटून कमांडर/उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस – 135 पद**
**११. उप निरीक्षक/प्लाटून कमांडर विशेष सुरक्षा बल (SSF) – 60 पद**

### भर्ती के लिए बढ़ी उम्र सीमा, तीन साल की छूट

इस बार युवाओं के लिए एक और राहत की खबर है। **राज्य सरकार** ने हाल ही में एक बड़ा फैसला लेते हुए **उप निरीक्षक पद की भर्ती मे अंधिकतम उम्र सीमा मे 3 साल की छूट** देने को मंजूरी दी है।
इसका मतलब यह हुआ कि जो अभ्यर्थी अब तक **आयु सीमा** के कारण पिछड़ रहे थे, उन्हें अब एक और मौका मिलेगा।

यह निर्णय कई युवाओं के **सपनों को पंख** देने का काम करेगा।

### तैयारी कर रहे उम्मीदवारों के लिए सलाह

जो भी उम्मीदवार **UP पुलिस** में भर्ती का सपना देख रहे हैं, उनके लिए यह समय बेहद महत्वपूर्ण है।
अब उन्हें अपनी **तैयारी को अंतिम रूप** देना चाहिए क्योंकि **नोटिफिकेशन जारी होते ही आवेदन प्रक्रिया** शुरू हो जाएगी।
इसके बाद परीक्षा और **फिजिकल टेस्ट** में शामिल होना होगा।

सभी इच्छुक उम्मीदवारों को चाहिए कि वे **अधिकारिक वेबसाइट** पर नजर बनाए रखें और समय रहते **ऑनलाइन आवेदन** कर दें।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.